(Swiss legislature)
Seema Kumari, Asst. Prof. (Pol. Sc). RMC, Sasaram

संघीय सभा की शक्तियां एवं कार्य :- संघीय सभा स्वीटजरलैंड की विधानपालिका है जिसमें संघ की सर्वोच्च शक्ति निहित है। संघीय सभा एक मात्र ऐसी व्यवस्थापिका है जिसके दोनों सदनों की शक्तियाँ समान है।

1. विधायी शक्तियां - स्विस संविधान में अनुच्छेद 84 में संघीय विधायिनी शक्तियों का वर्णन किया गया है। जो कि निम्न हैं:- 1. संविधान के अंतर्गत संघीय क्षेत्र में आने वाले सभी विषयों पर कानून बनाती है।
2. यह संघीय अधिकारियों के क्षेत्राधिकार में आने वाले सभी विषयों के बारे में अध्यादेश जारी करती है।
3. देश की बाहरी सुरक्षा, स्वतंत्रता तथा तटस्थता की रक्षा के लिए कानून बनाती है।
4. यह कैंटनों की सीमा की रक्षा करती है।
5. कैंटनों की क्षेत्रीय एकता तथा उनके संविधानों की रक्षा और देश की आंतरिक सुरक्षा को बनाए रखने के लिए कानून पास करती है।
6. अधिकारियों के चुनाव तथा संगठन संबंधी कानून बनाती है।
7. यह संघीय सरकार के विभागों के निर्माण कर्मचारियों के वेतन भत्ते तथा सेवा की सभी शर्तों के बारे में कानून बनाती है।

2. कार्यपालिका संबंधी शक्तियां -
1. संघीय सभा संघीय परिषद के सदस्य, अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष, चांसलर तथा प्रधान सेनापति का चुनाव करती है।

Scanned with CamScanner

2. संघीय प्रशासन पर सामान्य निगरानी रखना।
3. कैंटन विदेशों से जो संधियां करते हैं उनके बारे में संघीय सभा का अनुमोदन आवश्यक है। विदेशी संधियों के लिए भी।
4. संघीय परिषद अपने सभी प्रशासनिक कार्यों तथा नीतियों के लिए संघीय सभा की तरफ जिम्मेदार है और अपनी रिपोर्ट इस विषय पर पेश करती है।
5. यदि कोई कैंटन संघीय कानून का उल्लंघन करे या अपने कर्तव्य का पालन न करे तो उसके विरुद्ध संघीय कार्यवाही कर सकते हैं।

3. वित्तीय शक्तियां –
1. यह संघीय सरकार के बजट की स्वीकृति देता है। बजट को संघीय परिषद तैयार करती है।
2. संघीय सरकार के हिसाब किताब की जांच पड़ताल करती है उसकी स्वीकृति देती है।
3. संघीय सरकार को ऋण लेने का अधिकार प्रदान करने के लिए आज्ञप्ति जारी करती है।

4. न्याय संबंधी शक्तियां – 1874 ई० के एर्ग संशोधन के बाद संघीय सभा के न्यायिक अधिकारों में महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए :– 1. यह प्रशासन पर नियंत्रण रखती है। 2. यह विद्रोहियों को आम क्षमा या अपराधियों को क्षमादान करती है।
3. यह संघीय अधिकारियों में क्षेत्राधिकार संबंधी झगड़ों को निपटाती है।
4. प्रशासनिक विवादों की अपील सुनती है।
5. जनता की याचिकाओं पर निर्णय देती है।
6. यह संघीय न्यायाधिकरण के न्यायाधीशों का चुनाव

Scanned with CamScanner

चुनाव करती है।

7. यह उन मामलों को सुनती है जिनमें कैंटनों की और संघीय सरकार के तीन अंगों के सदस्यों के विरुद्ध मुकदमे चलाए जाते हैं।

5. संविधान में संशोधन की शक्ति – दोनों ~~सभाओं~~ सदनों को महत्वपूर्ण अधिकार प्राप्त है। संघीय संविधान में तब ही कोई संशोधन हो सकता है जब संघीय सभा के दोनों सदन एक प्रस्ताव पारित करें और उसका अनुसमर्थन मतदाताओं और कैंटनों के बहुमत से हो।

~~किसी~~ विधेयक पर गतिरोध उत्पन्न होने पर दोनों सदनों की संयुक्त कांफ्रेंस समिति गठित की जाती है। गतिरोध दूर न हो तो विधेयक समाप्त हो जाता है। यहां शक्ति विभाजन का सिद्धांत पर ध्यान नहीं दिया गया है।